
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बीमार और बुजुर्गो को आज भी डोली के सहारे लाना पड़ता है अस्पताल

**जिम्मेदार कौन**

## आज भी सड़क को तरस रहे है क्वीरीजिमिया के गांव के ग्रमीण



खडी चढ़ाई पार कर जान जोखिम में डालकर अपने गांव क्वीरीजिमिया पहुंचने में हिम्मत जुटा रहे ग्रामीण

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी से बाइस किमी दूरी पर स्थित क्वीरीजिमिया गांव के ग्रमीण आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी सड़क सुविधा को लेकर खासतौर पर दो चार होना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक क्वीरीजिमिया की आबादी वर्तमान में दो हजार के आसपास है।

आलम यह है कि आज भी मुंसयारी से ग्रमीण वाहन से पंद्रह किमी का सफर चिलमधार पहुंचते है। वही दूसरी ओर यहां से सात कमी की खडी चढ़ाई पार कर जान जोखिम में डालकर अपने गांव क्वीरीजिमिया पहुंचने में हिम्मत जुटा रहे है।

गांव के ग्रमीणों को सड़क से अपने गांव सामान पहुंचाने में दो सौ पचास रूपये सामान पहुंचाने के लिए देने पड़ रहे है। सड़क से गांव तक सामान पहुंचानें के लिए घोडा या खच्चर की व्यवस्था करानी पड़ती है और तब जाकर जेब से दो सौ पचास रूपये खर्च करके सामान गांव तक पहुंच पाता है। गांव के ग्रमीण लंबे समय से सड़क की मांग करते आ रहे है। मगर उनके गांव में आज तक सड़क नही बन पाई है।

आलम यह है कि गांव के ग्रमीण लंबे समय से कई दशकों से पैदल आवजाही करने को वर्तमान में मजबूर हो चुके है। यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग गांव के ग्रमीण लंबे समय से करने का प्रयास कर रहे है।

गांव के ग्रमीण मुख्यमंत्री से उम्मीद जताये बैठे कि इनके गांव के इलाके की तस्वीर कभी न कभी तो बदल पायेगी। हालात इतने बद्दतर हो चुके है कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे बुजुर्गो व महिलाओं को आज भी डोली के सहारे से लाकर अस्पताल दिखाने ले जाना पड़ रहा है।

इस बारे में मुंसयारी के सहायक अभियंता पीपी गोस्स्वामी ने बताया कि यह मामला मुख्यमंत्री व शासन तक प्रेषित कर दी गई है। शासन व मुख्यमंत्री के यहां से स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की कारवाही की जा सकती है।

## न्यूज डायरी

### आग लगाने पर जुर्माने के साथ होगी जेल

**संवाददाता** बागेश्वर। जंगलों की आग को लेकर डीएम सख्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब जुर्माने के साथ ही आग लगाने वालों को जेल भी होगी। आग लगाने वाले का नाम बताने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का नकद इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने वन महकमे को जंगलों में लगी आग पर शीघ्र काबू पाने के निर्देश दिए हैं। चताया कि किसी तरह की लापरवाही सहन नहीं होगी। जिले में फायर सीजन शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसे काबू करने के लिए विभाग सहित प्रशासन ने तमाम योजनाएं बनाई हैं।


### पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने मैन्युफैक्चरिंग इकाई का किया उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। पैनासोनिक कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज श्री सिटी, आंध्र प्रदेश में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने की घोषणा की। इस यूनिट का उद्देश्य दक्षिणी क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करना और कम से कम समय में अपने उत्पाद को मार्केट में पहुंचाकर ग्राहकों को प्रसन्नता प्रदान करके बाजार में तालमेल विकसित करना है। यह यूनिट पूरी तरह से ऑटोमेटेड है और 1,33,584 वर्ग मीटर में फैली हुई है।

## जैविक उत्पादों की किट का अनावरण करते मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने ''उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद'' की ओर से निर्मित किए गए जैविक उत्पाद किट का अनावरण किया। कृषि मंत्री की मांग पर उत्तराखण्ड में उत्पादित होने वाले विशेष उत्पादों को जीआई सुरक्षा और संवर्धन करते हुए वैश्विक पहचान दिलाने के लिए जीआई बोर्ड का गठन किया जाएगा, इस हेतु भी सीएम ने कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि हम मुख्यमंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने ऑर्गेनिक बोर्ड के उत्पादों की इस किट का अनावरण करने के लिए समय दिया। इससे हमारे जैविक उत्पादकों का उत्साहवर्धन होगा और स्थानीय पारम्परिक उत्पादों की मांग में बृद्धि भी होगा। उन्होंने राज्य के उत्पादों को जीआई सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा जीआई बोर्ड के गठन की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह बोर्ड जीआई पंजीकरण करवाने के साथ–साथ घरेलु एंव अतर्राष्ट्रीय बाजारों में इन उत्पादों की मांग एवं विशेषताओं का अध्ययन करते हुए संभावित उत्पादों की पहचान भी करेगा। यह बोर्ड स्थापित सीमाओं के भीतर और सहमत मानाकों के अनुसार उत्पाद का उत्पादन करने वाले किसी भी निर्माता और अन्य संबंधित ऑपरेटर को संकेत का उपयोग करने का अधिकार प्रभावी ढंग से देने के लिए एक तंत्र तैयार करेगा।




# बीएल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य मेले में उमड़ा भारी जनसैलाब

### स्वास्थ्य मेले में सैकडो लोगों का स्वस्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाइयां

**संवाददाता** पुरोला। विकासखण्ड पुरोला के बीएल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रबार को भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन बतौर विधायक प्रतिनिधि भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन नौटियाल,जिला महामंत्री सतेंद्र राणा व ब्लॉक प्रमुख रीता पंवार ने किया। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले के अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ स्त्रीरोग नेत्ररोग,हड्डिरोग,दंतचिकिसा सहित आयुर्वेदिक व होमियोपैथिक चिकित्सकों ने शिविर में सैकड़ों लोगों का परीक्षण कर स्वास्थ्य परामर्श दिया व दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में नेत्र के 160,बालरोग 80,सामान्य 185,स्त्रीरोग के 110,दंतरोग 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।स्वास्थ्य मेले में दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ –साथ कोविड टीकाकरण,बच्चों के नियमित टीकाकरण,क्षयरोग परामर्श व जागरूकता, एनटीआईपी,राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य,परिवार नियोजन,लैब जांच, सामान्य जांच आदि स्वास्थ्य सम्बंधित स्टाल लगाकर सैकड़ों लोगों को लाभ दिया गया।

स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन पर उप जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेशचंद आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेले के आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है जो भारत सरकार के कार्यक्रम भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है इसमें मुख्यतः स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीण क्षेत्र को जागरूक करने सहित निशुल्क अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, दवाइयां, स्वास्थ्य कार्ड बनाने आदि महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

वंही बतौर मुख्य अतिथि सतेंद्र राणा,पवन नौटियाल,प्रमुख रीता पंवार व सरोज रावत आदि ने अपने सम्बोधन में सरकार की इस प्रकार की पहल की सराहना करते हुए इसको जनउपयोगी बताया और इस प्रकार के स्वास्थ्य मेलों के हर छ माह में आयोजन की बात कही। स्वास्थ्य मेले में उपजिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चन्द्र आर्य सहित,प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज,डॉ. दिनेश भट्ट,डॉ. गुरदयाल नेगी,डॉ.सूची पूनम,स्त्रीरोग विशेषज्ञ कीरन नेगी,बालरोग विशेषज्ञ एलम भंडारी आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।